क्षमता व कौशल संवर्द्धन और मूल्य संबंधित पाठ्यक्रम की परीक्षा ओएमआर शीट पर

पीपीयू के एकेडमिक काउंसिल की बैठक में लिए गए कई महत्वपूर्ण निर्णय

फैसला

- छात्रों को संबद्धता प्राप्त करने के लिए विश्वविद्यालय से अनापत्ति प्रमाण पत्र लेना अनिवार्य
- विदेशी छात्रों के लिए पीएचडी के लिए बनाई जाएगी नीति
- थ्रटनी, कैमेस्ट्री, मैथेमेटिक्स जियोग्राफी, हिस्ट्री, संस्कृत, पर्शियन, साइकोलाजी, कामर्स विथ सेल्फ फाइनांस मोड में किए जाएंगे संचालित

जागरण संवाददाता, पटना : पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय में गुरुवार को एकेडमिक काउंसिल की बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता कुलपति प्रो उपेंद्र प्रसाद सिंह ने की। बैठक में शिक्षा व्यवस्था, परीक्षा प्रणाली और शोध कार्यों से जुड़े कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में पूर्व बैठकों के प्रस्तावों और कार्रवाई रिपोर्ट को सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया।

बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार अब किसी भी महाविद्यालय को संबद्धता के लिए आवेदन से पूर्व विश्वविद्यालय से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करना अनिवार्य होगा। कुलसचिव प्रो. अबु बकर रिजवी ने बताया कि सबसे बड़ा निर्णय स्नातक चार वर्षीय सीबीसीएस (नई शिक्षा नीति -2020) पाठ्यक्रम को लेकर लिया गया, जिसके तहत क्षमता संवर्द्धन पाठ्यक्रम (एईसी), कौशल संवर्द्धन पाठ्यक्रम (एसईसी) और मूल्य संबंधित पाठ्यक्रम (वीएसी) विषयों की परीक्षाएं अब ओएमआर शीट पर आधारित वस्तुनिष्ठ होंगी। इसके अलावा प्रश्नों की संख्या, अंक निर्धारण तथा यूजी-पीजी में प्रश्नपत्र सेटिंग के पारिश्रमिक को भी तय किया गया। छात्रों को अधिक शैक्षणिक विकल्प उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कई कालेजों में रोल्फ फशनेंस मोड में नए विषयों की शुरुआत को मंजूरी दी गई। इनमें थाटनी, केमेस्ट्री, मैथेमेटिक्स, जियोग्राफी, हिस्ट्री, संस्कृत, पर्शियन, साइकोलाजी, कामर्स सहित अन्य विषय शामिल हैं।

शोध से जुड़े मामलों में भी व्यापक निर्णय लिए गए। इसमें पीएचडी नोटिफिकेशन में संशोधन, मगध विश्वविद्यालय से आए शोधार्थियों के लिए कार्यकाल विस्तार, कार्यरत शोधार्थियों के लिए स्पष्ट गाइडलाइन तथा पीएचडी वाइवा की आडियो-वीडियो रिकार्डिंग अनिवार्य करने का निर्णय लिया गया। इसके अतिरिक्त विदेशी छात्रों के लिए पीएचडी नीति बनाने, डी.लिट. कार्यक्रम शुरू करने, रिसर्च एडवाइजरी काउंसिल (आरएसी) और अन्य शोध समितियों के पुनर्गठन के लिए परिषद ने कुलपति को अधिकृत करने की स्वीकृति प्रदान की तथा इसके गठन के लिए कुलपति को अधिकृत किया गया। कुलपति ने कहा कि ये निर्णय विश्वविद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता, पारदर्शिता और शोध संस्कृति को नई दिशा देंगे तथा छात्रों और शोधार्थियों के लिए अधिक अवसर सुनिश्चित करेंगे।

बैठक में अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. राजीव रंजन, सीसीडीसी प्रो. शिव कुमार यादव, संकायाध्यक्ष प्रो. अरुण कुमार, प्रो श्वतांशु माला, प्रो. छाया सिन्हा, प्रो. इम्तेयाज हसन, प्रो. कमल प्रसाद बौद्धा, टीपीएस कालेज के प्राचार्य प्रो. तपन कुमार शांडिल्य, कालेज आफ कामर्स कालेज के प्राचार्य प्रो. खालिद अहमद सहित विभागाध्यक्ष मौजूद रहे।

इलेक्ट्रिक वाहन के साथ पालिटेक्निक के प्राचार्य, शिक्षक व छात्र। सौ: पालिटेक्निक कालेज

पालीटेक्निक के छात्रों ने बनाया इलेक्ट्रिक वाहन

जागरण संवाददाता, पटना : राजकीय पालीटेक्निक गुलजारबाग, के मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के छात्रों ने स्वनिर्मित इलेक्ट्रिक वाहन डिजाइन एवं निर्मित किया है। इलेक्ट्रिक वाहन परियोजना के माध्यम से छात्रों ने माडलिंग, संरचनात्मक विश्लेषण, सामग्री चयन, विनिर्माण प्रक्रियाएं, असेंबली तकनीक तथा गुणवत्ता परीक्षण जैसे यांत्रिक कौशल विकसित किए हैं। गुरुवार को प्रोजेक्ट का प्रदर्शन संस्थान परिसर में किया गया, जिसमें प्राचार्य डा. राम नाथ चौधरी, शिक्षकगण एवं अन्य स्टाफ उपस्थित रहे। परियोजना का मार्गदर्शन विभाग के मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के व्याख्याता निखिल पटेल, चंदन कुमार, इरफान अय्यूबी, जितेंद्र कुमार एवं दुर्गेश कुमार प्रसाद द्वारा किया गया। छात्रों में प्रिंस, अनुप, ब्रजेश सहित अन्य ने इस प्रोजेक्ट में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्राचार्य ने कहा कि इस प्रकार के प्रोजेक्ट छात्रों की तकनीकी दक्षता को बढ़ाते हुए उन्हें भविष्य के लिए तैयार करते हैं। आगामी चरण में इस वाहन को सौर ऊर्जा से संचालित करने की दिशा में कार्य किया जाए।

मई के दूसरे सप्ताह में सीबीएसई 10वीं के दूसरे चरण की परीक्षा

जासं, पटना : केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने 10वीं कक्षा का परिणाम जारी कर दिया है। इसके साथ ही बोर्ड स्तर पर दूसरे चरण की परीक्षा की तैयारी शुरू हो गई है। 10वीं की दूसरे चरण की परीक्षा मई के दूसरे सप्ताह में आयोजित होने की संभावना है। दूसरी परीक्षा में शामिल होने के लिए एलओसी जमा करने की प्रक्रिया गुरुवार से शुरू हो गई। एलओएसी 20 अप्रैल तक जमा होगा। एलओसी से जुड़ी पूरी जिम्मेदारी स्कूलों को दी गई है। सीबीएसई ने कहा कि स्कूलों को यह सुनिश्चित करना होगा कि कौन से छात्र दूसरी परीक्षा देने के योग्य हैं। सुधार या कंपार्टमेंट वाले छात्रों के विषयों की सही जानकारी दर्ज करना और छात्रों के सभी डाटा की जांच करना होगा।

तय समय सीमा के भीतर सीबीएसई पोर्टल पर जानकारी अपलोड और फ्रीजनल करना है। एलओसी अंकित मानदंडों पर इन छात्रों के लिए है जो पहली बार एलओसी में शामिल नहीं हो पाए थे और अब नाम जोड़ना चाहते हैं।

|| शंभवे शुभवे नमः ||

SATYAM SHIVAM SUNDARAM GROUP OF INSTITUTIONS
• Patna • Nalanda • Barauni • Jehanabad • Bhojpur • Greater Noida

SHIVAM CONVENT
• Aff. to CBSE Upto +2 •
New Bypass Road, Kankarbagh, Patna-20

CONGRATULATIONS TO OUR TOP PERFORMERS IN 10TH BOARD EXAM 2026



DRISHTI RAJ 99.2% | PRATIBHA PRADHAN 97.8% | AASTHA ANAND 97.4% | ANUSHKA KRITI 97% | HIMANSHU 96.6% | PIYUSH 96.2% | SANSKRITI KASHYAP 96% | RIDHIMA ROHINI 96%
AYUSH AMAN 95.8% | SUSHMITA RANI 95% | SAGUN SINGH 94.8% | AARYAN KASHYAP 94.8% | KRUSHNA SHREE 94.6% | RAVI RAJ 94.2% | DHIRAJ KUMAR 94% | SURBHI 93.8%
DIVYA RANI 93.8% | RAJHANSH 93.4% | SANSKRITI ANAND 92.4% | PRIYAL SINHA 92.4% | ANUSHKA RANI 92.4% | HARSH 92% | HARSHIT 91.8% | SAKSHI SINGH 91.6%
RAJVEER RANJAN 91.6% | HEMANT KUMAR 91.6% | SAGAR SHARMA 91.4% | MUKUL KUMAR 91.4% | RADHA KUMARI 91.4% | SHAURYA P. SINGH 91.2% | PRINCE RAJ 91.2% | PRAJJWAL KUMAR 91.2%
ALOK KUMAR 91.2% | YASHIKA ROY 90.8% | SHAKSHI KUMARI 90.8% | PRIYANSHU SINGH 90.6% | NABH RAJ 90.2% | SANSKRITI 90%

• Pass Percentage: 99.6
• 38 students scored more than +90% Marks
• 72 Students scored more than 80% Marks

ADMISSIONS OPEN
for Classes Nursery to XI (Science, Commerce & Arts)

SHIVAM STAR SCHOLARSHIP PROGRAM

Marks scored in 10th Board Exam (Bihar Board, CBSE, ICSE or Any other Board)	Scholarship on all Fees
> 90%	60%
>70%	50%
> 60%	40%

Why Choose us?
• Glorious result in board exams over the years.
• Experienced faculty & well equipped labs.
• Classrooms with interactive panels for understanding concepts through visualisation.
• Free tutorial classes for slow learners.

SMART CLASSES | HOSTEL FACILITIES FOR BOYS & GIRLS | TRANSPORT FACILITY

Scan the QR Code to Apply Online

25 YEARS OF UNPRECEDENTED JOURNEY OF EXCELLENCE

OTHER COURSES: B.Ed | D.El.Ed | B.Pharm | D.Pharm | M.Pharm | BBA | MBA | BCA | MCA | Polytechnic | B.Sc Nursing | Para Medical | ITI | +2 Schools | B.LIS

Kurma Sanskriti Medical College and Hospital, Jehanabad | 650-bedded Multispeciality Hospital

Contact: 9431016845, 8102924011, 9608403027 | www.sssgol.com | www.shivamconvent.com | info@shivamconvent.com

प्रो. रेखा रानी का आरआरएस कालेज में किया स्थानांतरण

जासं, पटना : पाटलिपुत्र विवि के कुलपति प्रो उपेंद्र प्रसाद सिंह के आदेश पर एएन कालेज, पटना की प्राचार्य प्रो. रेखा रानी का स्थानातरण कर उन्हें आरआरएस कालेज, मोकामा भेज दिया गया है। वे वहां भी प्राचार्य के पद पर तत्काल प्रभाव से कार्यभार संभालेंगी। विवि की ओर से इससे संबंधित अधिसूचना जारी कर दी गई है। विश्वविद्यालय के आदेशानुसार, प्रो. रेखा रानी जगह पर एएन कालेज, पटना के दर्शनशास्त्र विभाग के प्रो. शैलेश कुमार सिंह को अगले आदेश तक प्रभारी प्राचार्य की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्हें बर्सर के संयुक्त हस्ताक्षर के साथ महाविद्यालय के सभी बैंक खातों के संचालन का अधिकार भी दिया गया है। यह आदेश कुलपति के निर्देश पर कुलसचिव प्रो. अबू बकर रिजवी द्वारा जारी किया गया है।

साथ ही निर्देश दिया गया है कि आरआरएस कालेज, मोकामा के वर्तमान प्रभारी प्राचार्य प्रो. बिपिन कुमार, प्रो. रेखा रानी को विधिवत प्रभार हस्तांतरित करेंगे।

पीपीयू के कुलपति के आदेश पर फैसला, दर्शनशास्त्र विभाग के प्रो. शैलेश कुमार सिंह बनाए गए एएन कालेज के प्रोफेसर इंचार्ज

10 अप्रैल को हुए कुलपति के विरोध की होगी जांच

पाटलिपुत्र विवि के कुलसचिव प्रो. अबु बकर रिजवी ने कहा कि एएन कालेज में 10 अप्रैल को कुलपति का कार्यक्रम था, जिसमें कुछ छात्रों ने हंगामा किया था। इस हंगामे पर प्रायार्य प्रो. रेखा रानी से स्पष्टीकरण मांगा गया था, जिनका जवाब संतोषप्रद नहीं था। मामले की जांच के लिए कमेटी गठित की गई है। जांच प्रभावित नहीं हो इसे देखते हुए प्रो. रेखा रानी का दूसरे कालेज में स्थानातरण किया गया है। जांच कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। प्रो. शैलेश कुमार सिंह को प्रभारी प्राचार्य की जिम्मेवारी दी गई है।

कामकाजी महिलाओं के लिए छात्रावास का शुभारंभ

जासं, पटना : वर्तमान समय में महिलाओं की सरकारी व गैर सरकारी क्षेत्रों में सहभागिता बढ़ी है। कार्यस्थल के निकट सुरक्षित-सुलभ आवास महिलाओं के जरूरी है। सुरक्षित छात्रावास को लेकर आकांक्षा सह सेखी निवास का गया जिले में शुरुआत की गई है। ये बातें समाज कल्याण विभाग की सचिव सह प्रबंध निदेशक वंदना प्रेयसी ने विभाग से छात्रावास का आनलाइन शुभारंभ किया। छात्रावास का शुभारंभ महिला सशक्तीकरण की दिशा में सार्थक पहल है।

छात्रावास में 50 कामकाजी महिलाओं के रहने की व्यवस्था की गई है। सुरक्षित आवास के साथ-साथ भोजन की भी सुविधा है। इसके लिए तीन हजार रुपये प्रतिमाह शुल्क है। विभाग की ओर से पटना व मुजफ्फरपुर में छात्रावास का संचालन हो रहा है। मौके पर गया के राज्य प्रतिनिधि कार्यक्रम प्रबंधक विनय एसपी सिंह, राज्य परियोजना प्रबंधक अंकिता कश्यप, जिला प्रतिनिधि डा. रश्मि आदि मौजूद रहे।

डीएवी, बीएसईबी में आज से 11वीं नामांकन प्रक्रिया

जागरण संवाददाता, पटना : केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) 10वीं का परीक्षा परिणाम जारी होते ही निजी स्कूलों में 11वीं कक्षा में नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई है। डीएवी पब्लिक स्कूल, बीएसईबी में 17 अप्रैल से नामांकन प्रक्रिया शुरू होगी। स्कूल ने जारी नोटिस में कहा कि सीबीएसई और आइसीएसई या अन्य बोर्ड से संबद्ध स्कूलों के बच्चों नामांकन पीसीएम में 90 प्रतिशत, पीसीबी में 85 प्रतिशत, कामर्स में 80 प्रतिशत और कला संकाय में 75 प्रतिशत से अधिक अंक वाले विद्यार्थियों का नामांकन 11वीं कक्षा में हायरेक्ट लिया जाएगा। जबकि डीएवी, बीएसईबी के छात्रों का पीसीएम में 80 प्रतिशत, पीसीबी में 75 प्रतिशत, कामर्स में 70 प्रतिशत और कला संकाय में 65 प्रतिशत तक प्राप्तांक वाले का नामांकन लिया जाएगा। इसके अलावा अन्य छात्रों का नामांकन प्रवेश परीक्षा के आधार पर होगा। पंजीयन करने की अंतिम तिथि 22 अप्रैल है।

केंद्रीय विद्यालय पहले अपने बच्चों का लेगा नामांकन

केंद्रीय विद्यालय, नेहरू पथ (बेली रोड) पटना और केंद्रीय विद्यालय, कंकड़बाग, पटना में पहले अपने बच्चों का 11वीं कक्षा में नामांकन लिया जाएगा, जिन्होंने यहां से 10वीं कक्षा उत्तीर्ण की है। केंद्रीय विद्यालय, नेहरू पथ के प्राचार्य मिथिलेश कुमार सिंह ने बताया कि 11वीं कक्षा में नामांकन प्रक्रिया जल्द शुरू होगी। सबसे पहले उन विद्यार्थियों का 11वीं कक्षा मे नामांकन लिया जाएगा, जिन्होंने यहां से 10वीं पास की है। इसके बाद सीट बचता है तो दूसरे स्कूलों के लिए बच्चों का आवेदन लिया जाएगा। दूसरे स्कूलों के बच्चों का नामांकन लाटरी के माध्यम से होगा।

पीयू में कार्यरत शिक्षक विवेक कुमार का अनुभव प्रमाण पत्र फर्जी

जागरण संवाददाता, पटना : पीयू में कार्यरत शिक्षक विवेक कुमार का अनुभव प्रमाण पत्र फर्जी होने का मामला प्रकाश में आया है। कुलसचिव की प्रो. शालिनी द्वारा उच्च शिक्षा निदेशक को लिखे पत्र में कहा गया कि विवेक कुमार की नियुक्ति भूगोल विषय में की गई थी, जिनके अनुभाव प्रमाण पत्र की प्रामाणिकता की जांच के लिए दीन दयाल उपाध्याय, गोरखपुर विश्वविद्यालय (यूपी) भेजा गया, जो जांच में फर्जी पाया गया। विवेक ने जिस महाविद्यालय का अनुभव प्रमाण पत्र जांच के लिए प्रेषित किया गया था, उस महाविद्यालय (पंडित श्री कृष्ण उपाध्याय महिला महाविद्यालय, रुद्रपुर देवरिया, यूपी) में भूगोल विषय की पढ़ाई नहीं होती है। उक्त महाविद्यालय के लेटर पैड का दुरुपयोग कर फर्जी अनुभव प्रमाण पत्र तैयार किया गया है। कुलसचिव ने उच्च शिक्षा निदेशक को पत्र के माध्यम से वेतन स्थगित करते हुए आगे की कार्रवाई के लिए आग्रह किया है।

डीएवी बीएसईबी की प्रियांशी वत्स स्कूल टापर

प्रियांशी वत्स • जागरण

जासं, पटना : डीएवी पब्लिक स्कूल, बीएसईबी कालोनी की छात्रा प्रियांशी वत्स ने सीबीएसई 10वीं बोर्ड की परीक्षा में 98 प्रतिशत अंक के साथ स्कूल टाप स्थान प्राप्त किया है।

स्कूल के प्राचार्य एसी झा ने बताया कि इस वर्ष 147 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। जो विद्यालय की मजबूत शैक्षणिक नींव और उत्कृष्ट प्रदर्शन की सतत परंपरा को दर्शाता है।

लिट्रा वैली स्कूल का शत प्रतिशत परिणाम

पटना, (वि.) : लिट्रा वैली स्कूल के विद्यार्थियों ने सीबीएसई 10वीं की परीक्षा में शतप्रतिशत उत्तीर्णता हासिल की है। इस स्कूल के छात्र प्रज्ञान नयन ने 98.6 प्रतिशत के साथ प्रथम और मेघा भार्गव ने 98 प्रतिशत अंक साथ दूसरा स्थान प्राप्त की है। टाप 10 विद्यार्थियों में अनीशा आनंद, अर्नव आदित्य, हर्ष सिंह राजपूत, नबीश करीम, प्रियांसी भारद्वाज, कृष्णा खेरिया, मैत्रेयी एवं अलिजा ने 96 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त की है।

शिक्षकों की प्रोन्नति में व्याप्त विसंगतियां की जाएंगी दूर

जागरण संवाददाता, पटना : पटना विश्वविद्यालय में गुरुवार को अभिषद (सिंडिकेट) की बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता कुलपति प्रो. अजय कुमार सिंह ने की। बैठक में 28 जनवरी 2026 को शिक्षकों के हुए प्रोन्नति में व्याप्त त्रुटियों व विसंगतियों को दूर कर फिर से अधिसूचना जारी करने का निर्णय लिया गया। विश्वविद्यालय में पिछले दिनों शिक्षकों का प्रमोशन एसोसिएट प्रोफेसर ग्रेड से प्रोफेसर ग्रेड में किया गया था। जिसमें वैधानिक विसंगतियों के प्रकाश में आने के बाद शिक्षकों के व्यापक हित को देखते हुए इन वैधानिक त्रुटियों को अविलंब दूर करने के साथ इसे विधिसम्मत व नियमानुकूल बनाते हुए इसे यथाशीघ्र संपादित करने का निर्णय पीयू के सिंडिकेट सदस्यों ने इस बैठक में लिया। इसमें छात्र कल्याण संकाय के अध्यक्ष प्रो. कमलेश्वर पंडित, कुलसचिव, प्रो. शालिनी, प्रो. रामबली सिंह, प्रो. शंकर भूषण, प्रो. नवीन कुमार आर्य, पप्पू वर्मा, डा. आशुतोष आदि मौजूद रहे।

बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda

दानापुर शाखा:
प्रथम तल, बीएम कॉम्प्लेक्स,
सगुनामोड़ दानापुर, पटना, बिहार-801503
फोन: 8294634962, ईमेल: Danapu@bankofbaroda.com

अचल सम्पत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री सूचना
"परिशिष्ट- IV-A [नियम 8(6) एवं नियम 9(1) के परंतुक देखें]

वित्तीय सम्पत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन और सुरक्षा हित अधिनियम, 2002 के तहत अचल सम्पत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना, सुरक्षा ब्याज (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) एवं नियम 9(1) साथ पाठ्य।

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को एवं विशेष रूप से कर्जदारों एवं जमानतदारों को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित सम्पत्ति सुरक्षित लेनदार, बैंक ऑफ बड़ौदा के पास बंधक है उसे प्राधिकृत अधिकारी के द्वारा कब्जे में कर लिया गया है। नीचे वर्णित सम्पत्ति "जो है जैसा है" "जो है जहाँ है" एवं "जो कुछ भी है" के आधार पर बकाया राशि प्राप्त करने के लिए बिक्री किया जायेगा। कर्जदारों/जमानतदारों/सुरक्षित सम्पत्ति/बकाया/आरक्षित मूल्य/ई-नीलामी तिथि एवं समय, ईएमडी एवं बोली वृद्धि रकम निम्नलिखित है:-

क्र. सं.	कर्जदार/जमानतदार/बंधककर्ता का नाम एवं पता	अचल सम्पत्ति का विवरण भाग में ज्ञात भार, यदि कोई हो	कुल बकाया राशि (मांग सूचना के अनुसार)	ई-नीलामी की तिथि एवं ई-नीलामी का समय/प्रारंभ समय व समाप्ति समय	आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि / बोली वृद्धि राशि	कब्जा कि स्थिति (स्वनामपत्र/भौतिक)	सम्पत्ति के निरीक्षण की तिथि एवं समय	सुरक्षित लेनदार के लिए भार विवरण
1.	1. श्री नितिन कुमार पिता-महेश पासवान 2. श्रीमती संगीता कुमारी पति-श्री नितिन कुमार, पता: द्वारा राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता, भारतीय रोड, न्यू डार्ट कुरियर के निकट, साहिबगंज, झारखंड-816109 पहाँ भी: नहर मस्जिद, बड़ी खगौल, पटना-801105	जमीन एवं भवन का सांम्यिक बंधक जो थाना नं.-49, तौजी नं.-5293, खाता नं.-131, सर्वे प्लॉट नं.-567, मौजा-बड़ी खगौल, सब रजिस्ट्री ऑफिस दानापुर, जिला-पटना-801115 में अवस्थित है जिसका रकबा-2.3437 डिसमिल जो संगीता कुमारी पति-नितिन कुमार से संबंधित है।	रु. 67,56,495.90 (रुपये सत्तावन लाख पचपन हजार चार सौ पन्नानवे एवं नब्बे पैसे मात्र) + ब्याज + दिनांक 11.01.2026 से अन्य शुल्क, साथ में मॉर्बटल्पक दर पर इस पर भावी ब्याज तथा भुगतान की तिथि तक के व्यय, शुल्क और एवं व्यय, और उन पर ब्याज भी।	21.05.2026 2:00 अपराह्न से 6:00 अपराह्न तक	₹29,52,000/- ₹2,95,200/- ₹25,000.00	सांकेतिक	17/04/2026 से 18/05/2026 तक समय 11:00 पूर्वाह्न से 4:00 अपराह्न तक	ज्ञात नहीं

बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों की जानकारी हेतु कृपया दिये हुए वेबसाइट लिंक https://www.bankofbaroda.in/e-auction.htm एवं https://baanknet.com का अनुसरण करें। इसके अलावा, संपर्कित बोलीदाता दिए गए नंबर पर संबंधित बैंक शाखाओं से संपर्क कर सकते हैं।

स्थान : पटना
दिनांक : 15.04.2026

नोट: विवाद की स्थिति में अंग्रेजी पाठ्य मान्य होगा।

प्राधिकृत अधिकारी
बैंक ऑफ बड़ौदा

पाँचवीं पुण्यतिथि पर भावभीनी श्रद्धांजलि

स्व. सुशीला सिंह

निर्वाण तिथि- 17.04.2021

कोमल एवं मृदुल चित्त वाली पत्नी और मृदुभाषी माँ के रूप में आपने निःस्वार्थ प्रेम से परिवार को एक सूत्र में बाँधकर रखा। एक पत्नी, माँ एवं भाभी के रूप में हर पल आप हमारे दिलों में विराजमान हैं।

आपकी याद में शोकाकुल परिवार

सुनील सिंह | ललन कु0 सिंह (पति)
मिनाक्षी सिंह | पूनम सिंह | धर्मवीर सिंह, पूनम सिंह
कर्मवीर सिंह | प्रतिभा सिंह | युद्धवीर सिंह, प्रियंका सिंह
सुर्यवीर सिंह | सत्यवीर सिंह | वैभवी, नदिका, यशवर्धन, शौर्यवर्धन एवं दर्शवर्धन

पूर्वी लोहानीपुर, पटना-800003